सत्यमेव जयते

भारत सरकार

दूरसंचार विभाग

दूरसंचार अभियांत्रिकी केन्द्र

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली–110001

गुणवत्ता नीति

दूरसंचार अभियांत्रिकी केंद्र, भारत में दूरसंचार क्षेत्र और संबंधित आई.सी.टी. प्रणालियों में अत्याधुनिक तकनीकों के लिए विनिर्देशों एवं मानकों को विकसित करने, परीक्षण एवं प्रमाणन के लिए सर्वव्यापी, सुदृढ़, अत्याधुनिक एवं उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे के विकास/ उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

दूरसंचार अभियांत्रिकी केंद्र, राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एन.डी.सी.पी.) 2018 के उद्देश्यों के अनुसार भारत को एक संरक्षित, सुरक्षित और समावेशी डिजिटल समाज में बदलने के लिए दूरसंचार और संबंधित आई.सी.टी. क्षेत्र में नई तकनीकों के लिए, सार्वजनिक नीतियों के निर्माण में दूरसंचार विभाग की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

दूरसंचार अभियांत्रिकी केंद्र, सक्रिय दृष्टिकोण, हितधारकों से परामर्श, साझा ज्ञान, कौशल विकास के साथ–साथ राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण और प्रमाणन निकायों के साथ सहयोग के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगा। टी.ई.सी., दूरसंचार और संबंधित आई.सी.टी. प्रणालियों के प्रभावी उपयोग के लिए मानक अनुवर्ती एवं अंतः प्रचालनीय, अंतर्क्षेत्रीय मानकीकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा। टी.ई.सी. अपनी प्रक्रियाओं में लगातार सुधार करने का भी प्रयास करेगा ।

मई, 2019

वरिष्ठ उप महानिदेशक/टी.ई.सी. प्रमुख
दूरसंचार अभियांत्रिकी केन्द्र